# Swadesh Conclave 2023: क्या नज़ारा है, New India के सारे सितारे यहां मौजूद हैं- पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर

*स्वदेश कॉन्क्लेव 2023 के अंतर्गत सोशल मीडिया में डंका बजाने वाले देशभर से करीब 45 इन्फ्लूयेंसर को सम्मानित किया जाएगा। स्वदेश के मंच से बालाजी फाउंडेशन के चेयरपर्सन प्रदीप राय ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने न्यूजपेपर, सोशल मीडिया को समाज का दर्पण बताया।*

By - August 21, 2023




*Swadesh Conclave 2023*

**Swadesh Conclave 2023**: स्वदेश कॉन्क्लेव एंड अवाड्र्स अपने आप में एक अनोखी पहल है। प्रतिष्ठित वार्षिक स्वदेश कॉन्क्लेव-इन्फ्लूयेंशल इंडिया का भव्य आयोजन नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में हुआ। इस कॉन्क्लेव का आयोजन बालाजी फाउंडेशन, एपीएन न्यूज और इंडिया लीगल की ओर से किया जा रहा है। दैनिक जागरण कार्यक्रम का मीडिया पार्टनर है। स्वदेश कॉन्क्लेव 2023 के अंतर्गत सोशल मीडिया में डंका बजाने वाले देशभर से करीब 45 इन्फ्लूयेंसर **(Influencers)** को सम्मानित किया गया।

इस दौरान सिंगर उदित नारायण को स्वदेश सम्मान दिया गया। स्वदेश कॉन्क्लेव एंड अवाड्र्स की ओर से रतन नवल टाटा को स्वदेश सम्मान दिया गया। इस दौरान सिंगर बिसमिल, फॉक सिंगर मॉमे खान को स्वदेश सम्मान दिया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने स्वर्गीय बिंदेश्वर पाठक जो कि sulabh international founder के रहे उन्हें भी स्वदेश सम्मान दिया गया और 2 मिनट का मौन रखा गया। राज्यवर्धन सिंह राठौर ने स्वर्गीय बिंदेश्वर पाठक के लिए उनके पोते आयुष को स्वदेश सम्मान से सम्मानित किया गया। इश दौरान फिल्म प्रोड्यूसर जयंती लाल को स्वदेश सम्मान दिया गया।

फिल्म प्रोड्यूसर जयंती लाल ने कहा, मुझे यहां बुलाने के लिए बहुत धन्यवाद। मुझे खुशी है कि जो भी कंटेंट क्रिएट करता है वो हमारी कंपनी को आगे बढ़ाता है, अगले 5 साल में ये 5 गुण बाद होगा।

स्वदेश कॉन्क्लेव 2023 के पांचवा सत्र पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने कहा, क्या नज़ारा है? नयू इंडिया **(New India)** के सारे सितारे यहां मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा, अगले 25 साल के अंदर भारत को सोने की चिड़िया बनाना है।

# Swadesh Conclave 2023: ये ऐसा मंच है जो भारत की तस्वीर को बयां करता है- एडिटर इन चीफ राजश्री राय

स्वदेश कॉन्क्लेव के मंच से एपीएन न्यूज़ की एडिटर इन चीफ राजश्री राय ने कहा, ये ऐसा इंफ्लुएंसर समिट है जिसमें समाज का हर एक वर्ग शामिल है। राजश्री राय ने आगे कहा, ये ऐसा मंच है जो भारत की तस्वीर को बयां करता है। ये अपने तरीके का ऐसा अकेला समिट है जहां हम सभी बराबर की भागीदारी में हैं।

इस दौरान ILRF चेयरपर्सन प्रदीप राय ने कहा, इन सभी लोगों को इवैलुएट करें तो ऐसा है जैसे एक मोतियों की माला हो जिसपर हीरे लगे हो।

स्वदेश कॉन्क्लेव के मंच पर मशहूर सिंगर उदित नारायण पहुंचे। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर भी शामिल हुए।

# ‘दिल्ली में एक नया स्कूल नहीं खुला है’- मनोज तिवारी

स्वदेश कॉन्क्लेव के मंच से मनोज तिवारी ने दिल्ली सरकार पर हमला बोला और कहा, दिल्ली में एक नया स्कूल नहीं खुला है। सिर्फ 47 स्कूलों की दीवारें पोती गई हैं।

*Swadesh Conclave*

स्वदेश कॉन्क्लेव के मंच से मनोज तिवारी ने कहा, आज बुंदेलखंड के हर गांव में नल से जल आता है। आज 9 साल बाद भी दिल्ली में टैंकर से जल आता है। आज दिल्ली डेढ़ लाख करोड़ के कर्ज में है, हमें अफसोस है। तिवारी ने आगे कहा कि दिल्ली में रहते हुए हमें कुछ बातों का सुकून भी है। पहले की तुलना में आज 45 मिनट में विज्ञान भवन से जमुना विहार पहुंच सकते हैं।

बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने यूट्यूब से अपनी कमाई का जिक्र करते हुए बोले मुझे मेरे गानों से 7 लाख रुपये प्रति महीना मिल जाते हैं। तिवारी ने कहा, मैं आज चौथी जिंदगी जी रहा हूं जिसमें आभाव की ज़िंदगी, गायक की ज़िंदगी, सुपरस्टार की ज़िंदगी और एक सांसद की ज़िंदगी है।

# ‘मुझे मेरे गानों से 7 लाख रुपये प्रति महीना मिल जाते हैं’- मनोज तिवारी

स्वदेश कॉन्क्लेव के मंच से बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने पीएम मोदी को धन्यवाद करते हुए कहा, आज हम सांसद हैं और आज देश में **(No VIP Culture)** है। तिवारी ने कहा, 2004 में घर घर टीवी था। मैंने फ़िल्म की जो हिट हुई। मैं गायक से सुपरस्टार गायक और एक्टर से सुपरस्टार एक्टर बना। उन्होंने कहा, मेरी पहली फ़िल्म 29 लाख में बनी थी जिसने 48 करोड़ का लाभ कमाया। अबतक मेरे 5,048 गानें हो चुके हैं। मुझे मेरे गानों से 7 लाख रुपये प्रति महीना मिल जाते हैं।

स्वदेश कॉन्क्लेव के मंच से बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने अपने दिनों को याद करते हुए कहा, एक जमाने में हमने जब मोटरसाइकिल नहीं खरीदी थी। वो हमें किसी चार्टर से कम नहीं लगती थी। 1996 में मैंने भ्रूण हत्या पर गाना लिखा, उस वक्त कोई सोच भी नही सकता था कि भोजपुरी में ऐसा गाना बनाया जा सकता है। लोग 50-50 लाख रुपये देकर अपनी गाड़ी पर लाल बत्ती लगवाते थे। मैंने इसपर भी गाना बनाया था।

# मैं एक जीवन में चौथा जीवन जी रहा हूं- मनोज तिवारी

बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने अपनी पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए कहा, कभी कभी मुझे ऐसा महसूस होता है कि मैं एक जीवन में चौथा जीवन जी रहा हूं। उन्होंने कहा, मैंने नकल कभी नहीं कि थर्ड डिवीजन पास किया हूं। उन्होंने अपने शिक्षा और रिजल्ट को लेकर कहा, मैंने ग्रेजुएशन 1st डिवीज़न से पास किया जिसमें पहली बार मेरी रिपोर्ट कार्ड में 62 प्रतिशत नम्बर आए। अपने जीवन के कुछ लम्हों को याद करते हुए तिवारी ने कहा, अपनी आभाव वाली जिंदगी को याद कर आज गौरवान्वित महसूस करता हूं। उन्होंने कहा, अगर आप सक्षम हो तो अपने जीवन में प्रयोग जरुर करें।

**Swadesh Conclave 2023 के तीसरे सत्र में बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने किया संबोधन**

स्वदेश कॉन्क्लेव 2023 के तीसरे सत्र में बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने संबोधन किया। सांसद मनोज तिवारी ने एपीएन न्यूज़ की एडिटर इन चीफ राजश्री राय को बहुत-बहुत बधाई दी और कहा, 'ऐसी बेटी जिन्होंने अबतक का पूरा सफर खुद तय किया है'। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा, मेरे यूनिवर्सिटी के सहपाठी प्रदीप राय जो कि बालाजी फाउंडेशन के चेयरपर्सन है उनका तहे दिल से बहुत अभिनंदन करता हूं।

प्रदीप राय ने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस को लेकर कहा, यह सीखने की एक कला है और यह बेहद उपयोगी है। उन्होंने कहा, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस ने लॉ जगत के लोगों का काम बहुत आसान कर दिया है। उन्होंने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस को लेकर कहा, कुछ लोगों को शंका थी कि शायद ये वकीलों की जॉब्स पर नकारात्मक असर डालेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ

# Swadesh Conclave 2023 के मंच से ILRF के चेयरपर्सन प्रदीप राय ने किया संबोधन

स्वदेश कॉन्क्लेव मंच को ILRF के चेयरपर्सन प्रदीप राय ने सम्बोधित किया। इस दौरान उन्हें आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की उपयोगिता के बारे में बताया। ILRF के चेयरपर्सन प्रदीप राय ने कहा, आज हम लिक्विड टेक्स्ट का उपयोग शुरू कर चुके हैं, हम सिर्फ अपना आईपैड रखते हैं, पहले हम 10-20 वॉल्यूम ले जाते थे। उन्होंने आगे कहा कि, सीजेआई चंद्रचूड़ जी ने हाल ही में कोर्ट में कहा कि उनकी अदालत फाइलों के साथ आने वाले लोगों को अनुमति नहीं देगी। उन्हें डिजिटल प्रौद्योगिकियों का संदर्भ साथ लाना होगा, आईपैड, मोबाइल फोन आदि का उपयोग करना होगा।

*Swadesh Conclave के मंच से ILRF के चेयरपर्सन प्रदीप राय ने किया संबोधन*

स्वदेश कॉन्क्लेव 2023 के तीसरे सत्र को HCL Co-founder अजय चौधरी ने शुभारंभ किया। इस दौरान अजय चौधरी ने स्वदेश मंच से लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, आने वाले समय में वर्चुअल रियलिटी से बहुत लोगों को फायेदा होगा। उन्होंने कहा, इससे स्किल सीखने में मदद मिलेगी साथ ही स्किल्स में तकनीक के इस्तेमाल से बहुत बड़ी क्रांति आ रही है।

*Swadesh Conclave*

# Hybrid teaching की महत्व बताया- HCL Co-founder अजय चौधरी

उन्होंने आगे कहा कि जरुरी नहीं कि आज आपके पास जो स्किल है वो आने वाले 5 साल बाद भी समाज के लिए उपयोगी या प्रासंगिक रहे। इस दौरान अजय चौधरी ने Hybrid teaching और शिक्षण का भी महत्व बताया। कहा, हमारे लिए यह जीवन भर के लिए सीखने की बहुत ज्यादा आवश्कता है।

स्वदेश के मंच से सांसद एसपी सिंह बघेल ने कई इन्फ्लूयेंसर **(Influencers)** को सम्मानित किया। इस दौरान डॉक्टर अजय चौधरी को स्वदेश सम्मान, डॉक्टर राहिल चौधरी, अमन शर्मा, जाह्नवी सिंह, अक्षत गुप्ता, एला डी वर्मा, देश के युवा आर्यण त्रिपाठी, कंचन केसरी, डॉ चितरंजन जैन, संदीप पारिक, सुरेश महाराजजी, हर्ष नागर,जट्ट प्रभजोत, अरविंद अरोड़ा, नेहा नागर, अभिनियती को स्वदेश सम्मान से सम्मानित किया गया।

इंफ्कुएन्सर्स को संबोधित करते हुए बोले SP सिंह बघेल ने कहा, 'आप भी एक दिन वहां पहुंच जाएंगे। बस इसी तरह लगे रहिए'। सांसद एसपी सिंह बघेल ने कहा, 2047 में जब हम आज़ादी के 100 साल मना रहे होंगे। उन्होंने कहा, आने वाले समय में भारत नंबर 1 इकॉनमी होगा।

स्वदेश कॉन्क्लेव के मंच से सांसद एसपी सिंह बघेल ने सभी पुरस्कार प्राप्त करने वाले को बधाई दी। उन्होंने कहा, जो भी लोग पुरस्कार के पात्र बनते हैं, ऐसे लोग बड़े ही जुनूनी होते हैं। सांसद बघेल ने आगे कहा कि मैंने ऐसे लोगों को पद्म पुरस्कार लेते देखा है जिनके पैरों में जूते नहीं थे।

## स्वदेश कॉन्क्लेव के मंच से सांसद एसपी सिंह बघेल ने PM Modi की तारीफ की

स्वदेश कॉन्क्लेव के मंच से सांसद एसपी सिंह बघेल ने कहा, 2014 से पहले 7 एम्स थे लेकिन आज वर्तमान में मोदी सरकार में कुल 22 एम्स हैं। उन्होंने कहा, 2025 तक भारत का लक्ष्य TB मुक्त करने का है। सांसद एसपी सिंह बघेल ने सिकल सेल मिशन को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ की। सांसद एसपी सिंह बघेल ने जल जीवन मिशन की सराहना की। उन्होंने आगे बताया कि 6,998 जन औषधि केंद्र खुल चुके हैं।

*sp singh baghel*

# Swadesh Conclave 2023 के दूसरे सत्र में सरकार की कल्याणकारी योजनाएं बताई- एसपी सिंह बघेल

इस दौरान सांसद एसपी सिंह बघेल ने कहा, 'चंद्रयान हमारी सरकार की बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है'। SP सिंह बघेल ने कहा, शौच करते हुए खड़ी होती महिला जैसे नारकीय दृश्य हर प्रधानमंत्री ने देखे, लेकिन मोदी जी ने संवेदनशीलता से इस दिशा में कार्य किया। उन्होंने कहा, अब (**Direct Benefit Transfer**) ने भ्रष्टाचार की कमर तोड़ी है। उन्होंने इस दौरान आयुष्मान योजना को काफी अहम बताई और कहा इस योजना के तहत मे 45 करोड़ लोगों ने इसका लाभा उठाया है। ये इस सदी की सबसे अहम योजना है।

स्वदेश कॉन्क्लेव 2023 के दूसरे सत्र को सांसद एसपी सिंह बघेल ने शुभारंभ किया। स्वदेश के मंच से एसपी बघेल ने साहित्य, शिक्षा, लोककला, लोकगीत, संगीत, आर्टिस्ट सभी को शुभकामनाएं दी। इस आयोजन के लिए एसपी सिंह बघेल ने खासतौर पर बालाजी फाउंडेशन के चेयरपर्सन प्रदीप राय और एपीएन न्यूज़ की एडिटर इन चीफ राजश्री राय को शुभकामनाएं दी।

स्वदेश के मंच से केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कई इन्फ्लूयेंसर (**Influencers**) को सम्मानित किया। इस दौरान डॉक्टर क्रेग कुक को स्वदेश सम्मान मिला। संगीत कला और संस्कृति के क्षेत्र से गायिका मधुश्री को स्वदेश सम्मान दिया गया। संपदीप सिंह को स्वदेश सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस दौरान सुश्री रचना फडके रानाडे को भी स्वदेश सम्मान दिया गया। श्रीमती हेमा मालिनी पद्मनाबन, अनंत लढ़ा, पुष्कर राज ठाकुर,के के क्रिएचर, प्रकाश गाभा को स्वदेश सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस दौरान कई लोगों ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी से कुछ सवाल भी पूछे। जिसका उन्होंने बड़ी ही सौम्यता के साथ जवाब दिया। प्रश्न सत्र को सम्बोधित करते हुए बोले हरदीप सिंह पुरी ने कहा, हमने सुनिश्चित किया कि हर उपभोक्ता तक गैस कनेक्शन पहुंचे और हमारा यह लक्ष्य है, घर-घर तक गैस कनेक्शन पहुंचाना।

## हरदीप सिंह पुरी ने धैर्यपूर्वक भाषण सुनने के लिए किया आभार

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, पेट्रोल-डीजल के दाम हमारे देश में सबसे कम हैं। उन्होंने आगे कहा, केंद्र ने कई बार एक्ससाइज ड्यूटी कम की। इस दौरान हरदीप सिंह पुरी ने सभी का धैर्यपूर्वक भाषण सुनने के लिए आभार जताया।

# Swadesh के मंच से केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गिनाई उपलब्धियां

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने स्वदेश के मंच से अपनी उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा, 2014 के बाद देश में 14 करोड़ से 33 करोड़ एलपीजी गैस कनेक्शन हो गए। कोरोना महामारी के दौरान 3 सिलिंडर मुफ्त दिए गए। उन्होंने कहा, जब देश महामारी से जूझ रहा था तब भारतीय जनता पार्टी की ओर से 80 करोड़ लोगों को सूखा राशन दिया गया।

उन्होंने आगे कहा, 'आज दिल्ली मेट्रो देश की सबसे शानदार मेट्रो में से एक है'। इंडिया मेट्रो सिटी के मामले में विश्व में जल्द दूसरा देश बनने जा रहा है।

*Swadesh Conclave 2023*

# मुफ्त की रेवड़ियों पर किया कटाक्ष- केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने स्वदेश के मंच से मुफ्त की रेवड़ियों पर कटाक्ष किया।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने स्वदेश के मंच से जनसंख्या के बारे में कहा, इस देश की जनसंख्या अब 35 करोड़ से 140 करोड़ पहुंच गई। उन्होंने इस दौरान 1950-52 में दिल्ली की जनसंख्या के बारे में कहा। इतना ही नहीं, उन्होंने कहा, 2004-2014 के दौरान कांग्रेस सरकार का एक्सपेंडिचर 1 लाख 78 हज़ार करोड़ थी और 2014-23 में 18 लाख 7 हज़ार करोड़ थी।

# आजकल ट्रॉल्स कम हैं, शायद छुट्टी पर हैं- हरदीप सिंह पुरी

स्वदेश के मंच से केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बालाजी फाउंडेशन के चेयरपर्सन प्रदीप राय, एपीएन न्यूज़ की एडिटर इन चीफ राजश्री राय, इंफ्लुएंसर्स, क्रिएटर्स और समाज के लिए चंजमकेर का काम कर रहे लोगों का धन्यवाद किया। इस दौरान हरदीप सिंह पुरी ने अपने यूनिवर्सिटी में अध्ययन का वाकया बताया साथ ही प्रिंटिंग प्रेस के आगमन के बारे में भी बताया।
उन्होंने न्यूज़पेपर संस्थान के कार्य करने की संरचना को सराहा। इस दौरान हरदीप सिंह पुरी ने कहा, 'आजकल ट्रॉल्स कम हैं, शायद छुट्टी पर हैं'।

**स्वदेश** के मंच से बालाजी फाउंडेशन के चेयरपर्सन प्रदीप राय ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने न्यूज़पेपर, सोशल मीडिया को समाज का दर्पण बताया। उन्होंने सोशल मीडिया के प्रभाव और शक्ति का महत्व बताया। उन्होंने आगे कहा कि अपने व्यक्तित्व को इस रूप में मज़बूत करिए कि समाज के हर क्षेत्र में आपकी पूछ हो। उन्होंने कहा, 'इस समारोह में उपस्थित सभी लोगों का योगदान भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में बढ़ता कदम है'।

*swadesh conclave 2023*

# Swadesh Conclave 2023: एडिटर इन चीफ राजश्री राय ने केंद्रीय मंत्री हरदीप का की स्वागत

एपीएन न्यूज़ की एडिटर इन चीफ राजश्री राय ने केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी का स्वागत की। बालाजी फाउंडेशन के चेयरपर्सन प्रदीप राय ने गायिका मधुश्री और तमाम इंफ्लुएंसर्स का स्वागत किया। इस दौरान प्रदीप राय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत किया और कार्यक्रम के आयोजन को लेकर राजश्री राय का धन्यवाद किया।

## Swadesh Conclave 2023: मशहूर गायिका मधुश्री ने गणेश वंदना से की कार्यक्रम की शुरूआत

बालाजी फाउंडेशन के चेयरपर्सन प्रदीप राय और एपीएन न्यूज़ की एडिटर इन चीफ राजश्री राय ने पुष्पगुच्छ देकर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पूरी का स्वागत किया। मशहूर गायिका मधुश्री ने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की। इसके बाद केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दीप प्रज्ज्वलित किया।

*Swadesh Conclave 2023 Hardeep Singh Puri*

**यह भी पढ़ें…**

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया Swadesh Conclave 2023 का भव्य आगाज

Swadesh Conclave 2023 LIVE UPDATES: 'दिल्ली में एक नया स्कूल नहीं खुला है'- मनोज तिवारी